an>

Title: Need to provide electricity connection to Kasturba Gandhi Balika Vidyalayas in Hardoi Parliamentary Constituency, Uttar Pradesh.

डॉ. अंशुल वर्मा (हरदोई) ः माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से आग्रह करना है कि मेरे संसदीय क्षेत्र हरदोई (उत्तर प्रदेश) के अंतर्गत 19 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय भारत सरकार द्वारा संचालित है। इन विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति की बहुत बड़ी समस्या है जिससे छात्राओं का पठन-पाठन कार्य बाधित होता है।

सरकार के संज्ञान में यह भी लाना है कि स्वीकृत विद्यालयों में रूपया 41,000 का एस्टीमेट विद्युत कनेक्शन हेतु बिल्डिंग निर्माण के साथ स्वीकृति प्रदान हुई थी। कुछ ऐसे विद्यालयों में विद्युत कनेक्शन के लिए लागत रूपया 2,40,000 तक तक एस्टीमेट आ रहा है। इस कारण विद्यालयों में स्थानीय प्रशासन द्वारा विद्युत कनेक्शन करा पाना असंभव है तथा विद्यालयों में खाद्य सामग्री बहुत घटिया किस्म की दी जाती है। यह समस्या लगभग प्रदेश के प्रत्येक जनपद के विद्यालयों की है।

मैं माननीय मानव संसाधन विकास मंत्री जी से मांग करता हूं कि प्रदेश में स्थापित विद्यालयों में खाद्यान्न की गुणवत्ता की जांच कराई जाये तथा बच्चों के भविष्य को देखते हुए शिक्षा के दृष्टिकोण से जनहित में ऐसे विद्यालयों में विद्युत आपूर्ति संचालित कराये जाने हेतु एस्टीमेट मांगते हुए एस्टीमेट के आधार पर धन उपलब्ध कराकर जनहित की समस्या का निस्तारण करने की कृपा करें।